वर्ष :-2
अंक:-34
28, फरवरी,2026
शनिवार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com



अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-34
28, फरवरी,2026
शनिवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com

## भारत-इज़राइल शैक्षणिक संबंधों को मजबूती, नालंदा और हिब्रू विश्वविद्यालय में समझौता



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इज़राइली संसद (नेसेट) में दिए गए उनके वक्तव्य के लिए आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय ने हाल में नालंदा विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षणिक सहयोग को दर्शाता है। विश्वविद्यालय ने कहा, "हमारे राष्ट्रों के बीच गहरी साझेदारी शैक्षणिक क्षेत्र में भी परिलक्षित होती है।"

यह एमओयू दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ समय से चल रहे सार्थक शैक्षणिक संवादों का परिणाम है। इसी सन्दर्भ में, हिब्रू विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष प्रो. गाय हारपाज़ और उनकी टीम ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी तथा संकाय सदस्यों से भी संवाद किया है। और माह के प्रारंभ में, हिब्रू विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन निदेशक एवं इतिहास, धर्म और क्लासिक्स अध्ययन संस्थान के प्रमुख प्रो. एवीअतार शुलमैन ने नालंदा विश्वविद्यालय में एक विशिष्ट व्याख्यान भी दिया।यह एमओयू संकाय एवं छात्र आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक के तौर पर काम करेगा। इसके माध्यम से संयुक्त शोध पहल, अकादमिक विनिमय, समेकित अध्यापन तथा दोनों देशों के बीच गहन सभ्यतागत संवाद को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा, "हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ यह समझौता दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को और सुदृढ़ करेगा, हमारे संकाय और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शोध अवसर सृजित करेगा तथा विद्यार्थियों के शोध कौशल, नवाचार क्षमता और करियर संभावनाओं को नई दिशा प्रदान करेगा।"

नालंदा विश्वविद्यालय हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ मिलकर शोध उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने, अंतर-सांस्कृतिक समझ को प्रोत्साहित करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शैक्षणिक सेतु निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## होली पर 3 व 4 मार्च को राजगीर ज़ू सफारी और नेचर सफारी रहेगा बंद

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। होली पर्व के मद्देनज़र प्रशासन ने राजगीर स्थित ज़ू सफारी और नेचर सफारी को दो दिनों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। 3 मार्च और 4 मार्च को दोनों पर्यटन स्थलों का संचालन पूर्णतः बंद रहेगा और इन तिथियों पर पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।


प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय होली के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से लिया गया है। पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही को देखते हुए एहतियातन यह कदम उठाया गया है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या अप्रिय घटना से बचा जा सके।पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा योजना इन तिथियों को ध्यान में रखकर ही




बनाएं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई है कि 5 मार्च से ज़ू सफारी और नेचर सफारी का संचालन पुनः सामान्य रूप से शुरू होने की संभावना है।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा त्योहार के बाद सभी व्यवस्थाएं पूर्ववत कर दी जाएंगी।

## पालिका बाजार में दिनदहाड़े चोरी, बस संचालक के घर से 50 लाख के जेवर गायब



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लहेरी थाना क्षेत्र के पालिका बाजार मोहल्ले में दिनदहाड़े एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। जय मां विन्ध्यवासिनी बस के संचालक रामप्रवेश शर्मा के घर से करीब 50 लाख रुपये मूल्य के जेवर चोरी कर लिए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

गृहस्वामी की बहू लवली कुमारी ने बताया कि मकान के दूसरे तल्ले पर स्थित फ्लैट बंद था। सुबह लगभग 11 बजे साफ-सफाई के लिए नौकरानी ने कमरे की चाभी मांगी, जिसे उन्होंने दे दिया। करीब एक घंटे बाद नौकरानी चाभी लौटाकर चली गई। कुछ देर बाद जब वे कमरे में पहुंचीं तो देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है और उसमें रखे लगभग 50 लाख रुपये के गहने गायब हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्य और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। सूचना पाकर लहेरी थाना की पुलिस भी पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि नौकरानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया गया है।

## सोहसराय में होली को लेकर शांति समिति कि बैठक, सेंसिटिव क्षेत्रों में रहेगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के सोहसराय थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने की।

बैठक में पुलिस निरीक्षक साकेत कुमार, बिहार आंचल के प्रतिनिधि, एसआई आलम अंसारी, एसआई गौरी शंकर, एसआई टुनटुन चौधरी, एएसआई असलम तथा एएसआई दयानंद भगत सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों में मोहम्मद सद्दाम हुसैन (महात्मा मेडिकल हॉल, सहोखर), मोहम्मद मुमताज अकरम, मोहम्मद आदिल, सर्वोत्तम कुशवाहा, शैलेश कुमार, कपूर सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मोगल कुआं मस्जिद, बसार बिगहा, खासगंज मस्जिद, सहोखर मस्जिद, सोहडीह मस्जिद, सलेमपुर मस्जिद, फुलवरिया मस्जिद, कटहलटोला मस्जिद, बिजली अड़ान एवं सहोखर में कमलेश वकील के समीप क्षेत्र को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन स्थानों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

मटका फोड़ होली खेलने के इच्छुक लोगों को पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। किसी भी असामाजिक तत्व की सूचना तत्काल थाना या डायल 112 पर देने की अपील की गई।

पंडित गोवर्धन उपाध्याय के अनुसार, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक है, जबकि विशेष शुभ समय रात 10:36 से 12:56 बजे तक निर्धारित है। प्रशासन ने अफवाहों से बचने और शांति बनाए रखने की अपील की है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# अस्थावां प्रखंड में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विवाद, 12 समिति सदस्यों ने डीडीसी से की शिकायत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड की राजनीति उस समय गरमा गई जब 12 पंचायत समिति सदस्यों ने शुक्रवार को बिहारशरीफ समाहरणालय पहुंचकर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) से मुलाकात की। सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत सौंपी।

समिति सदस्यों का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर सरकारी योजनाओं की जानकारी से वंचित रखा जा रहा है। योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन में उनकी सहभागिता सुनिश्चित नहीं की जा रही, जिससे उनकी जनप्रतिनिधि की भूमिका प्रभावित हो रही है और क्षेत्र की जनता विकास योजनाओं से वंचित हो रही है।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी तथा इसके लिए बैठक भी बुलाई गई थी। हालांकि, बैठक को अचानक स्थगित कर दिया गया। सदस्यों का आरोप है कि उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश का हवाला देकर अविश्वास प्रस्ताव को टालने का प्रयास किया गया।


सदस्यों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा अविश्वास प्रस्ताव की बैठक शीघ्र बुलाने की मांग की है। उप विकास आयुक्त ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। मामले को लेकर प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।









अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा


# 31 मार्च तक शत-प्रतिशत कर वसूली का लक्ष्य, नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शुक्रवार को नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक ने नगर निगम की राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, राजस्व पदाधिकारी, सहायक राजस्व पदाधिकारी तथा सभी कर-संग्रहकर्ता उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 81.21 प्रतिशत राजस्व वसूली की जा चुकी है। इस पर नगर आयुक्त ने वार्डवार वसूली की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कर-संग्रहकर्ता अपने-अपने वार्ड में 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत केवाईसी सत्यापन और संपत्ति कर की वसूली सुनिश्चित करें।राजस्व पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 28 फरवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक वार्डवार कैंप आयोजित किए जाएं, जहां करदाताओं को ऑन-द-स्पॉट संपत्ति कर रसीद उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक डोर-टू-डोर होल्डिंग टैक्स वसूली अभियान चलाया जाएगा। कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए।

सभी कर-संग्रहकर्ताओं को अपने-अपने वार्ड में संचालित दुकानों का सर्वे कर ट्रेड लाइसेंस से संबंधित सूची तैयार कर राजस्व शाखा को उपलब्ध कराने को कहा गया।

नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि 31 मार्च 2026 से पूर्व कर भुगतान कर ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं और नगर निगम द्वारा आयोजित कैंप में पहुंचकर संपत्ति कर का निपटान करें।

# बेन प्रखंड कार्यालय पर किसान संघ का प्रदर्शन, परिमार्जन और बिजली आपूर्ति की मांग



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। भारतीय किसान संघ की बेन प्रखंड इकाई ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रकाश और मंत्री विजय कुमार ने किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की कथित गलत नीतियों और बेन अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण किसानों में भारी आक्रोश है।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव से पूर्व किसानों द्वारा भरे गए परिमार्जन प्रपत्रों का अब तक निष्पादन नहीं किया गया है, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने लंबित प्रपत्रों के शीघ्र निष्पादन की मांग की। साथ ही सर्वे के दौरान गैर मजरूआ मालिक, वकास्त मालिक सहित अन्य श्रेणी की उन जमीनों को मान्यता देने की मांग की, जिनकी वर्षों से रसीद कटती आ रही है।

किसानों ने कहा कि जिन भूमियों पर वर्षों से शांतिपूर्वक दखल कायम है, उसे आधार बनाकर परिमार्जन की प्रक्रिया पूरी की जाए। दाखिल-खारिज मामलों में हो रही देरी और कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई।

इसके अतिरिक्त कृषि फीडर से कम से कम 20 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई, ताकि सिंचाई कार्य बाधित न हो। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में समाजसेवी अरविंद कुमार उर्फ भोली बाबू, रामवृक्ष प्रसाद, पिन्नू चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद









# डॉ. सुनील कुमार ने विधानसभा में उठाया कुम्हार समाज का मुद्दा

## संजीव कुमार बिट्टू ने जताया आभार






बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा सत्र के दौरान बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने प्रजापति (कुम्हार) समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग पारंपरिक रूप से मिट्टी के बर्तन, मूर्ति निर्माण और माटीकला उद्योग से जुड़े हैं, जो बिहार की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विधायक ने कहा कि आधुनिक तकनीक की कमी, पूंजी के अभाव और सरकारी प्रोत्साहन नहीं मिलने से इस समाज के कारीगर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में माटीकला बोर्ड का गठन कर कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, विपणन सुविधा और आर्थिक सहायता दी जा रही है।डॉ. सुनील कुमार ने बिहार सरकार से मांग की कि राज्य में भी शीघ्र माटीकला बोर्ड का गठन किया जाए, ताकि लाखों कुम्हार परिवारों के पारंपरिक रोजगार को संरक्षित और विकसित किया जा सके। साथ ही उन्होंने कारीगरों और युवाओं को स्वरोजगार के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक का ऋण तथा उस पर 25 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इससे माटीकला उद्योग को नया जीवन मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण को मजबूती मिलेगी।

इस पहल पर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, नालंदा के जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।






# संदिग्ध युवक से पूछताछ में खुलासा

## टोटो चालक के घर से मिनी रायफल जब्त



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। वेना थाना पुलिस ने दोसूत पंचायत के बंगोरिया गांव में छापेमारी कर एक टोटो चालक के घर से मिनी रायफल बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुरुवार की शाम वेना स्टेशन चौक पर दो-तीन लोग संदिग्ध अवस्था में बैठे थे। पुलिस वाहन को देखते ही वे भागने लगे। सशस्त्र बल की मदद से एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में वह भागने का संतोषजनक कारण नहीं बता सका।

तलाशी के दौरान उसके मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसमें एक मिनी रायफल की तस्वीर तथा हथियार के साथ प्रदर्शन करते हुए उसकी अन्य तस्वीरें मिलीं। कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने अपने घर में रायफल रखने की बात स्वीकार की।

गिरफ्तार युवक की पहचान बंगोरिया गांव निवासी जोगिन्दर चौहान के पुत्र अक्षय कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से टोटो चालक है। इसके बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी कर एक मिनी रायफल बरामद कर ली। हथियार और मोबाइल को जब्त कर लिया गया है।छापेमारी दल में एसआई चन्द्रमा यादव, एएसआई राकेश रंजन, एएलटीएफ-2 प्रभारी राजेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# हरनौत थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 180 लीटर विदेशी शराब बरामद



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 180 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। यह बरामदगी चंडी मोड़ के समीप स्थित एक मकान से की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की। छापे के दौरान विभिन्न ब्रांड की करीब 180 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि जिस मकान से शराब बरामद हुई, वह कमलेश प्रसाद का है। उस मकान में नितिश कुमार नामक व्यक्ति किराये पर रह रहा था। पुलिस को आशंका है कि किरायेदार द्वारा ही अवैध रूप से शराब रखी गई थी। हालांकि, मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके।

बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई






# संपादकीय जेपी चौधरी

## रिश्तों पर अविश्वास का साया: क्या सोशल मीडिया बन रहा है वैवाहिक संकट का कारण?



एक सर्वेक्षण में, यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जीवन साथी की निगरानी के लिये बड़ी संख्या में डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। तमाम विवाहेत्तर संबंधों की पड़ताल से बड़ी संख्या में शक सही निकल रहे हैं। हालांकि, इस सर्वे के दायरे और उसकी विश्वसनीयता की कसौटी के प्रश्न सामने हैं, लेकिन यह एक कड़वी हकीकत है कि हमारी पारिवारिक संस्था में अविश्वास की सेंध लग रही है। खाओ-पियो मौज करो की पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से वैवाहिक संस्था की शुचिता को आंच आई है। समाज में अलगाव, तलाक व हिंसक प्रतिशोध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रही सही कसर कथित सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है, जिसने हमारे समाज में वर्जित माने जाने वाले भदेस विषयों को न्यू नॉर्मल बना दिया है। दरअसल, हाल के वर्षों में भारतीय समाज तेजी से संक्रमणकालीन दौर में जा पहुंचा है। कभी जिस रिश्ते को सिरे चढ़ाते वक्त जन्म-जन्मांतर साथ निभाने का वायदा किया जाता था, आज उसी जीवन साथी की निगरानी के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। यह दुखद ही है कि जिन जीवन मूल्यों, संयम व शुचिता के रिश्तों के लिये भारत दुनिया में जाना जाता था, वहां आज यौन स्वच्छंदता व विवाहेत्तर संबंधों का दायरा बढ़ रहा है। एक समय था कि भारतीय संयुक्त परिवार की छांव में संयमित व मर्यादित व्यवहार करते थे। बड़ों का अनुशासन मर्यादा की रक्षा करता था। कामकाज का स्वरूप और स्थानीय रोजगार भी जीवन व्यवहार को संतुलित व संयमित करते थे। लेकिन हमारी कार्य संस्कृति में बदलाव व देश-विदेश में कामकाज के लिये बाहर जाने के बाद व्यक्ति स्वच्छंद व्यवहार करने लगा। यही वजह है कि विदेश में रहने वाले पति या पत्नी के व्यवहार की पड़ताल के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद लेने के मामले लगातार उजागर हुए हैं। जिसके बाद मुकदमेबाजी, अलगाव व टकराव की खबरें सामने आने लगती हैं।दरअसल, विगत में भारतीय समाज में व्यक्ति के सार्वजनिक व्यवहार को संयुक्त परिवार व समाज संयमित करता था। लेकिन धीरे-धीरे आर्थिक आत्मनिर्भरता के बाद लोगों ने बड़े-बुजुर्गों व समाज के हस्तक्षेप को अस्वीकार करना शुरू कर दिया। विगत में हमारी फिल्मों व टीवी निर्माताओं ने दर्शकों की भीड़ जुटाने के लिये हमेशा असामान्य वैवाहिक रिश्तों को अपनी कथावस्तु बनाया। इन असामान्य रिश्तों को इस ग्लैमर के साथ पेश किया जाता रहा है कि कालांतर उसका प्रभाव समाज पर नजर आने लगा। आज तो विदेशी धरती से संचालित इंटरनेट व सोशल मीडिया ने तो असामान्य रिश्तों की पराकाष्ठा दर्शा दी। विडंबना यह रही है कि मीडिया ने भी ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को इतनी तरजीह दी कि समाज के एक तबके में असामान्य रिश्तों को सामान्य माना जाने लगा। एक हकीकत यह भी है कि देश पर तमाम विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति को इतनी क्षति नहीं पहुंचाई होगी, जितनी इंटरनेट व सोशल मीडिया के माध्यम से परोसी जा रही अपसंस्कृति ने विकृतियां पैदा की।

# एनसीईआरटी विवाद पर उठे सवाल: शिक्षा, न्यायपालिका और पारदर्शिता की कसौटी पर सरकार

## किताब में संशोधन को लेकर देशभर में बहस तेज

### चंदन चौरसिया बोले – लोकतंत्र में संतुलित शिक्षा ही भविष्य की गारंटी



पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में हालिया संशोधन को लेकर चल रहे विवाद पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक रीढ़ होती है और उसमें किए गए हर बदलाव का दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हाल में कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में "न्यायपालिका की भूमिका" से जुड़े अध्याय पर आपत्ति सामने आने के बाद देशभर में बहस छिड़ गई है। इस मामले में एनसीईआरटी द्वारा संबंधित अंश को वापस लेने और संशोधन की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर सख्त रुख अपनाते हुए संस्थागत गरिमा को लेकर टिप्पणी की है। चंदन चौरसिया का कहना है कि जब पाठ्यपुस्तकों में संवैधानिक संस्थाओं का उल्लेख होता है, तो शब्दों का चयन अत्यंत सावधानी और संतुलन के साथ किया जाना चाहिए। बच्चों के मन में किसी भी संस्था के प्रति अविश्वास या पूर्वाग्रह पैदा करना शिक्षा का उद्देश्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संशोधन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और इसमें शिक्षाविदों, विशेषज्ञों तथा समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

चंदन चौरसिया ने कहा कि लोकतंत्र में आलोचना का स्थान अवश्य है, लेकिन वह तथ्यों और संतुलन पर आधारित होनी चाहिए। यदि किसी अध्याय में न्यायपालिका से संबंधित चुनौतियों या समस्याओं का उल्लेख किया जाता है, तो उसके साथ यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि संस्थाएं स्वयं सुधार की प्रक्रिया से गुजरती हैं और संविधान के दायरे में काम करती हैं। उनका मानना है कि इस पूरेविवाद ने शिक्षा नीति और पाठ्यक्रम निर्माण की प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पाठ्यपुस्तक केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह विद्यार्थियों की सोच और दृष्टिकोण को आकार देती है। इसलिए उसमें किसी भी प्रकार की जल्दबाजी या एकपक्षीय दृष्टिकोण से बचना चाहिए, उन्होंने कहा जब मामला अदालत तक पहुंचता है, तो यह संकेत देता है कि समाज के भीतर संवाद की कमी रही है।सरकार और शैक्षणिक संस्थाओं को चाहिए कि वे इस अवसर को टकराव के बजाय सुधार और विश्वास बहाली के रूप में देखें।

चौरसिया ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ तैयार करना समय की मांग है। शिक्षा में पारदर्शिता, संतुलन और तथ्यपरकता ही भविष्य की गारंटी है।पाठ्यक्रम संशोधन को राजनीतिक बहस का विषय बनाने से बचना चाहिए और इसे विशेषज्ञों के स्तर पर सुलझाया जाना चाहिए। "संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है विद्यार्थियों को वास्तविक और व्यापक जानकारी देना। हमें ऐसा संतुलन स्थापित करना होगा, जहां न तो तथ्यों को छिपाया जाए और न ही संस्थाओं की छवि को अनावश्यक रूप से आघात पहुंचे," उन्होंने कहा अंततः यह विवाद हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। यदि इस दिशा में सुधार की पहल ईमानदारी और संवाद के साथ की जाए, तो यह विवाद भविष्य में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का अवसर भी बन सकता है।

# लिखित आदेश तक जारी रहेगा आंदोलन, राजस्व कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन अवकाश बरकरार

सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 फरवरी 2026 से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर है। इसके कारण दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित 68 प्रकार के राजस्व कार्य ठप हैं। संघ ने इसके लिए सरकार की हठधर्मिता को जिम्मेदार ठहराया है।

संघ का कहना है कि 2 जून 2025 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के साथ लिखित सहमति बनी थी, जिसे विभागीय ज्ञापांक 353 (04.06.2025) एवं ज्ञापांक 437 (09.07.2025) से स्वीकृति मिली थी। इसमें ग्रेड-पे 2800 (लेवल-5), स्नातक योग्यता, गृह जिला पदस्थापन सहित अन्य मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक आदेश निर्गत नहीं हुआ।

20 फरवरी 2026 को उपमुख्यमंत्री-सह-राजस्व मंत्री एवं प्रधान सचिव सी.के. अनिल के साथ वार्ता हुई। संघ के अनुसार, पूर्व की लिखित सहमति को "रद्दी" बताए जाने से कर्मचारियों में रोष है। 23 फरवरी को पुनः वार्ता में कुछ मौखिक आश्वासन दिए गए, पर 'नो वर्क नो पे' की शर्त और लिखित आदेश से इंकार पर सहमति नहीं बन सकी। महामंत्री रामकुमार झा के नेतृत्व में 38 जिलों के कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं। फूल कुमार झा, दिनेश कुमार दास, दीपक कुमार, परशुराम सिंह, राहुल कुमार रॉय, हिमांशु शर्मा, मुन्ना शेखर सहित हजारों कर्मियों ने चेतावनी दी कि विधिवत आदेश जारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# 14 वर्ष से फरार वारंटी गिरफ्तार, लूट कांड में था वांछित

थरथरी (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना कांड संख्या से जुड़े गैर-जमानती वारंट के एक वारंटी को थरथरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थरथरी थाना क्षेत्र के अवलचक निवासी बबलू कुमार के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि वर्ष 2012 में नूरसराय थाना में लूटपाट की घटना को लेकर उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम किसी अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अवलचक गांव में छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर बबलू कुमार भागने लगा।संदेह होने पर पुलिस बल ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने संबंधित कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई तथा अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रिलियंट कॉन्वेंट का चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलियंट कॉन्वेंट विद्यालय में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में वर्ग प्रथम से वर्ग दशम तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर के दीप नगर स्टेडियम में आयोजित इस खेल महोत्सव ने विद्यार्थियों के भीतर छिपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान किया।

वर्ग प्रथम एवं द्वितीय के बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यालय परिसर में इनडोर खेलों के रूप में आयोजित की गईं। छोटे-छोटे बच्चों ने स्पून रेस, टैग बार और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से माही और वैष्णवी विजेता रहीं, जबकि बालक वर्ग में मनप्रीत और पीयूष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नन्हे प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था।

वहीं वर्ग तृतीय से दशम तक के विद्यार्थियों के लिए आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं दीप नगर स्टेडियम में आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो और दौड़ प्रमुख रूप से शामिल रहे। मिडिल वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कबड्डी में दिव्या, साध्वी और रीमा के समूह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा।

सीनियर बालक वर्ग के क्रिकेट मुकाबले में नवम वर्ग की टीम ने अष्टम वर्ग को हराकर जीत दर्ज की। वहीं बालिका वर्ग में संयुक्त रूप से छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा की टीम ने नवम कक्षा को पराजित कर उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग के नवम वर्ग ने सातवीं कक्षा को हराया, जबकि बालिका वर्ग में नवम कक्षा की छात्राओं ने सातवीं कक्षा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

चार दिवसीय इस खेल महोत्सव का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. धनंजय कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में हम खेलों के पारंपरिक महत्व को भूलते जा रहे हैं, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी।



विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशी भूषण ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेलकूद के बिना जीवन अधूरा और नीरस प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शरीर और मस्तिष्क के संतुलित विकास में अहम भूमिका निभाते हैं तथा तनाव को दूर करने में सहायक होते हैं। खेल से एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. पुष्प लता विद्यार्थी ने सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है।

इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। रंजय सिंह, पवन कुमार, किशोर कुमार पांडे, नाजिया खान, मिलन मैडम, दुरक्षना मैडम, नाजिम राजा, पिंटू सर, आनंद सर और अमित सर ने प्रतियोगिताओं के संचालन और व्यवस्थापन में सक्रिय भूमिका निभाई।

चार दिवसीय यह वार्षिक खेलकूद महोत्सव हर्ष, उल्लास और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को सम्मानित किया गया और पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

# ओली विगहा प्राथमिक विद्यालय में बाल मेले से खिला विद्यार्थियों का उत्साह



थरथरी (अपना नालंदा)। शुक्रवार को थरथरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय ओली विगहा के प्रांगण में बाल मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राथमिक शिक्षा सुदृढ़ीकरण पहल के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनैना कुमारी ने की।

विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से गुलजार रहा। बाल मेले के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने खेल-खेल में सीखने की विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिनमें चित्रांकन, सामान्य ज्ञान, शारीरिक खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे।

प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षा बच्चों की नींव को मजबूत बनाती है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास संतुलित रूप से होता है। उन्होंने बताया कि बाल मेला बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस अवसर पर शिक्षक अजय कुमार, कृष्ण कुमार, ब्रजेश कुमार, कौशल कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, सेविका प्रभावती कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर अभिभावकों में भी उत्साह देखा गया।

# जनसमस्याओं को लेकर भाकपा का अंचल कार्यालय घेराव

## 200 दिन रोजगार व जमीन की मांग



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अंचल कमिटी, कतरीसराय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं और सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने की मांग को लेकर अंचल कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान अंचलाधिकारी को मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा गया। इस धरना-प्रदर्शन को महागठबंधन के घटक दलों का भी नैतिक समर्थन प्राप्त हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने केंद्र सरकार की अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का विरोध करते हुए इसे किसान और मजदूर विरोधी करार दिया तथा इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के समझौते देश के छोटे किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रतिकूल हैं।

प्रदर्शनकारियों ने अकुशल श्रमिकों को 100 दिनों के बजाय 200 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा सभी भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन और आवास प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही राशन कार्ड में कथित रूप से की जा रही अनुचित कटौती पर रोक लगाने और सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज की शत-प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई।

सभा को सत्येंद्र कृष्णम्, माहेश्वरी सिंह, अभिषेक कुमार, अमरेन्द्र प्रताप, राहुल कुमार, विकास कुमार एवं नबेंदु झा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आईएमए का 22वां वार्षिक अधिवेशन 1 मार्च को

## आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर होगा मंथन




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का 22वां वार्षिक अधिवेशन सह मिलन समारोह आगामी 1 मार्च को शहर के आईएमए हॉल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस एक दिवसीय सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में विकसित हो रही आधुनिक पद्धतियों और तकनीकों पर विशेषज्ञों के बीच विस्तृत मंथन करना है।

आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार और आयोजन सचिव डॉ. धनंजय कुमार ने बताया कि यह संगठन का 22वां मिलन समारोह है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत में प्रतिदिन हो रहे नवाचारों और अत्याधुनिक सुविधाओं की जानकारी साझा करना आवश्यक है, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

इस वर्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि पटना के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.बी. भारती होंगे। वे हृदय रोग से संबंधित नई चुनौतियों और उनके आधुनिक उपचार विकल्पों पर प्रकाश डालेंगे। सम्मेलन में जिले के लगभग 250 से अधिक चिकित्सकों के भाग लेने की संभावना है।

कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में अनुभवी चिकित्सक अपने शोध, अनुभव और चिकित्सा क्षेत्र में आए बदलावों पर विचार रखेंगे। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजय कुमार, सचिव डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. दीनानाथ सहित अन्य चिकित्सकों की सक्रिय भूमिका है।

# 28 मार्च से 'भारत गौरव' पर्यटक ट्रेन, ज्योतिर्लिंगों के साथ शिरडी साईं दर्शन का अवसर



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रेल मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 28 मार्च से विशेष धार्मिक रेल-पर्यटन पैकेज के तहत 'भारत गौरव' पर्यटक ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। 'ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ शिरडी साई दर्शन' नामक यह आध्यात्मिक यात्रा 28 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगी। कुल 7 रात्रि और 8 दिनों की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को प्रमुख ज्योतिर्लिंगों और शिरडी साई बाबा के दर्शन का अवसर मिलेगा।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं पंचवटी, शिरडी के साई बाबा मंदिर और शनि शिंगणापुर मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके अलावा छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा विश्व धरोहर स्थल एलोरा की गुफाओं का भ्रमण भी कराया जाएगा। अंतिम चरण में उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन शामिल हैं।

यह विशेष ट्रेन बिहार और झारखंड के विभिन्न स्टेशनों—धनबाद, गोमो, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, तिलैया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन—से होकर गुजरेगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य प्रबंधक संजीव कुमार और दीपांकर मन्ना ने बताया कि 10 या अधिक यात्रियों के समूह पर प्रति व्यक्ति 600 रुपये की छूट दी जाएगी। बुकिंग हेतु यात्री हेल्पलाइन 8595937731/32 या व्हाट्सएप 7003125136 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बिंद प्रखंड में किसान पाठशाला

## प्याज की वैज्ञानिक खेती पर मिला प्रशिक्षण




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) नालंदा के तत्वावधान में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बिंद प्रखंड के कथराही पंचायत अंतर्गत बकरा गांव में किसान पाठशाला के तीसरे सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय 'प्याज की उन्नत खेती' रहा, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विशेषज्ञों ने किसानों को प्याज की नर्सरी तैयार करने की वैज्ञानिक विधि, पौधों की सही दूरी पर रोपाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा सिंचाई तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही फसल कटाई के बाद भंडारण और विपणन संबंधी उपायों पर भी चर्चा की गई, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिल सके।

प्रशिक्षण में बताया गया कि उन्नत बीजों और संतुलित खाद प्रबंधन के उपयोग से उत्पादन लागत घटाई जा सकती है और पैदावार डेढ़ गुना तक बढ़ाई जा सकती है।

प्याज में लगने वाले झुलसा रोग एवं कीट प्रबंधन के लिए जैविक और रासायनिक उपायों के संतुलित प्रयोग पर भी विशेष जोर दिया गया।

पाठशाला के दौरान किसान सफेद टोपी पहने और मार्गदर्शिका के साथ प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करते नजर आए।

आयोजन का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित कर आत्मनिर्भर बनाना है।

# मंगला स्थान में 'मानव वेलनेस सेंटर' का शुभारंभ

## डॉ. मौलेश ने दिया दवा मुक्त जीवन का संदेश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के मंगला स्थान में स्वास्थ्य और समग्र कल्याण की दिशा में एक नई पहल करते हुए डॉ. मौलेश ने 'मानव वेलनेस सेंटर' का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. मौलेश ने आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों के बीच गहरे संबंध पर विस्तार से प्रकाश डाला। मीडिया से बातचीत में वेलनेस कोच डॉ. मौलेश ने कहा कि आज अधिकांश लोग लगातार बीमारियों से जूझ रहे हैं और उपचार के बाद भी पूरी तरह स्वस्थ महसूस नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को बीमारी के मूल कारणों के प्रति जागरूक करना है। खान-पान और दिनचर्या में सुधार कर व्यक्ति दवा पर निर्भर हुए बिना भी स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जी सकता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य पर बढ़ता खर्च चिंता का विषय है। उन्होंने तेल के सेवन में कमी लाने और संतुलित आहार अपनाने पर जोर दिया।

डॉ. मौलेश ने बताया कि सेंटर में नियमित रूप से वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आहार सुधार, दिनचर्या प्रबंधन और बीमारियों की रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने 'आहार ही औषधि है' के सिद्धांत को अपनाते हुए लोगों को जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया।

# होली मिलन में मंत्री लखेंद्र रौशन का बड़ा ऐलान

## आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य कर्मी व 40 नए स्कूल खुलेंगे



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। होली के अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने पत्रकार होली मिलन समारोह में विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में संचालित डॉ. भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालयों में शीघ्र ही स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बहुउद्देशीय वाहन भी दिए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 91 आवासीय विद्यालय संचालित हैं। सरकार ने 720 सीटों की क्षमता वाले 40 नए आवासीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है, जिनकी प्रक्रिया जारी है। सत्र 2026-27 में कक्षा 1 और 6 में नामांकन हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से 1,03,195 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 59,453 आवेदन कक्षा 1 तथा 43,742 आवेदन कक्षा 6 के लिए हैं।उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 11 तक के 25 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति दी जा रही है, जिसे हाल ही में दोगुना किया गया है। मुख्यमंत्री मेधावृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 1,63,826 छात्रों को 164.66 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। विभाग द्वारा संचालित 137 छात्रावासों में 10,663 छात्र-छात्राओं को आवास, 15 किलोग्राम अनाज एवं प्रतिमाह 1,000 रुपये अनुदान दिया जाता है, जिसमें जल्द वृद्धि की जाएगी।

# पटना में वैश्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान, होली मिलन में जुटे मंत्री-विधायक

सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में वैश्य जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन डॉ. पी.के. चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा कि वैश्य समाज व्यापार, सेवा और समाज निर्माण में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। समारोह में कई माननीय विधायक उपस्थित रहे, जिनमें केदार प्रसाद गुप्ता, डॉ. प्रकाश चंद्रा, लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, अरुण कुमार, छोटी कुमारी, संजय गुप्ता, हेमनारायण शाह, स्वेता गुप्ता, बब्लू गुप्ता, संगीता देवी, रणविजय साहू, लाल बाबू गुप्ता, रामचंद्र प्रसाद, रेखा गुप्ता, तरुण कुमार एवं पूर्व विधायक पवन जायसवाल शामिल थे।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर महासेठ की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पटना की मेयर सीता साहू ने भी समारोह में भाग लेते हुए समाज की एकजुटता की सराहना की। इसके अलावा मोहन गुप्ता, स्मिता पुर्वे, वैभव गुप्ता, राकेश जायसवाल, मंजीत साहू, अमृतेश गुप्ता, पवन प्रकाश, सीमा गुप्ता, इंदिरा गुप्ता, सूर्या गुप्ता एवं अर्पित गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पू० त० ज० म० सरस्वती शिशु मंदिर, गोरक्षिणी, बिहारशरीफ में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान भैया-बहनों को शैक्षणिक, खेलकूद एवं अनुशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश प्रसाद जी, जो भैया मोहित के पूज्य दादाजी हैं, उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ। अपने संबोधन में महेश प्रसाद ने कहा कि शिशु मंदिर के संस्कार बच्चों को समाज का आदर्श नागरिक बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और सफल संचालन में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को आकर्षक बनाया।

विशिष्ट अतिथि महेश प्रसाद एवं प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी आचार्य एवं दीदी जी के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। शांति मंत्र और कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अश्लील भोजपुरी गीतों पर पुलिस सख्त, डीजे संचालकों को दी कड़ी चेतावनी



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। शादी समारोह और होली पर्व के दौरान डीजे पर अश्लील भोजपुरी गीत बजाए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कतरीसराय थाना पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष ने कहा कि पारंपरिक और सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में अश्लील तथा आपत्तिजनक गीतों का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है और आम लोगों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे सामाजिक मर्यादा और सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि पुलिस ऐसी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने सभी डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि वे अश्लील गीतों का प्रसारण तुरंत बंद करें। यदि किसी आयोजन में आपत्तिजनक गीत बजाते हुए पाया गया तो डीजे उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और जेल भेजने की प्रक्रिया भी शामिल होगी।थानाध्यक्ष ने अभिभावकों और कार्यक्रम आयोजकों से अपील की कि वे सामाजिक वातावरण को स्वच्छ और सकारात्मक बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि त्योहारों की खुशियां शालीनता और गरिमा के साथ मनाई जा सकें।